आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 जून 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बेंगलुरू में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल ग्रोथ डॉयलॉग–2026 में अग्रणी वैश्विक कम्पनियों एवं निवेशकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के निवेश अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ कानून व्यवस्था, विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना और विकास की सम्भावनाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार, प्रौद्योगिकी और सुशासन आधारित विकास मॉडल के साथ नया उत्तर प्रदेश आज वैश्विक निवेशकों के लिये विश्वास और विकास का पसंदीदा स्थान बनकर उभर रहा है।

****

लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना को देखते हुए प्रदेश सरकार ने राज्य के कोचिंग संस्थानों के नियमन को मजबूत करने और अवैध कोचिंग सेंटर के विरुद्ध अभियान की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूरे राज्य में आग से बचाव के उपायों की जांच 'मिशन मोड' में की जाएगी। श्री योगी ने प्रदेश के सभी जिलों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिये हैं। एक रिपोर्ट–

कल देर शाम लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा को लेकर चलाया जाने वाला अभियान पूरी तरह जनहित में संचालित किया जाएगा। पहले जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन नही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में बेसमेंट में कोचिंग अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन न होने पाए। समाचार कक्ष से रितेश।

****

ईरान के तेहरान में भारतीय दूतावास ने सुरक्षा स्थिति में सुधार को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए संशोधित परामर्श जारी किया है। एक रिपोर्ट–

भारतीय दूतावास ने कहा कि बदलते घटनाक्रमों के बावजूद, भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक सभी गैर–जरूरी यात्राओं से बचना चाहिए। बहुत आवश्यक होने पर ईरान यात्रा करने वालों को अत्यधिक सावधानी और सतर्कता बरतने तथा स्थिति पर लगातार नजर रखने की सलाह दी गई है। ताजा जानकारी और आगामी परामर्श के लिए दूतावास की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए, दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं ये नंबर हैं– ,98 91 28 10 91 15, ,98 91 28 10 91 09, ,98 91 28 10 91 02 और ,98 99 32 17 93 59 भारतीय नागरिक cons.tehran@mea.gov.in पर ईमेल के जरिए भी दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। समाचार कक्ष से विशाल शर्मा।

****

यूपीटीईटी दो हजार छब्बीस की परीक्षा अगले माह दो से चार जुलाई के बीच होगी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रदेश के साठ जनपदों के नौ सौ पचपन केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र तीस जून से आयोग की वेबसाइट पर डाउनलोड किए जा सकते हैं।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है और इसकी निरंतर निगरानी की जा रही है। निगरानी में तेल कंपनियां, वाहन निर्माता, ईंधन परीक्षण एजेंसियां और अन्य पक्ष शामिल हैं। सरकार ने ये स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरें भ्रामक और निराधार हैं। ई–20 पेट्रोल की शुरुआत के बाद से, एथेनॉल मिश्रण के कारण इंजन की खराबी या वाहन में तकनीकी खराबी की कोई व्यापक शिकायत सामने नहीं आई है।

****

आज पासपोर्ट सेवा दिवस है। यह दिन 24 जून, 1967 को पासपोर्ट अधिनियम के लागू होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम के दूसरे चरण का क्रियान्वयन, चिप–आधारित ई–पासपोर्ट की शुरुआत, नए पासपोर्ट सुरक्षा केंद्रों और पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र की स्थापना तथा रिकॉर्ड स्तर पर पासपोर्ट जारी करने से यात्रा सुगम हो रही है।

****

हज दो हजार सत्ताइस के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट और हज सुविधा मोबाइल ऐप पर बीस जुलाई तक पंजीकरण कराया जा सकता है। जुलाई के अंतिम सप्ताह में डिजिटल रैंडम चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित यात्रियों की सूची जारी की जाएगी।

****

मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। हलांकि आज दोपहर बाद गोरखपुर में हुयी बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। विभाग के अनुसार अट्ठाइस जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बरसात का एक नया दौर आरंभ होगा।

****